वित्तीय वर्ष

# 2025-2026

रिपब्लिक ऑफ फीजी





# राष्ट्रीय बजट के लिए नागरिक मार्गदर्शिका





मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस,
स्ट्रैटेजिक प्लानिंग, नेशनल
डेवलपमेंट और स्टैटिस्टिक्स

“सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि का निर्माण”

# राष्ट्रीय बजट क्या है?





राष्ट्रीय बजट एक वित्तीय योजना है जो किसी विशेष वित्तीय वर्ष के लिए सरकार के अनुमानित आमदनी और कर्च प्रस्तुत करती है। यह सरकार की वित्तीय गतिविधियों, जिसमें उसकी प्राथमिकताएँ, नीतियाँ और मध्यम अवधि के आर्थिक एवं राजकोषीय लक्ष्य शामिल हैं।

# इस नागरिक मार्गदर्शिका का उद्देश्य

वित्तीय प्रबंधन (संशोधन) अधिनियम 2021 की धारा 13(5)(सी) के अनुसार, वित्त के लिए जिम्मेदार स्थायी सचिव को प्रकाशित करना होगा:

> "संसद द्वारा वार्षिक बजट को मंजूरी दिए जाने की तिथि के एक महीने के भीतर वार्षिक बजट का उपयोगकर्ता-अनुकूल सारांश"

यह नागरिक बजट मार्गदर्शिका बजट प्रक्रिया, व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण, प्रमुख आमदनी और कर्च नीतियों तथा मध्यम अवधि के राजकोषीय ढांचे का संक्षिप्त विवरण प्रदान करती है।



# बजट डिजाइन और अनुमोदन प्रक्रिया

जनवरी

1. मध्यम अवधि की राजकोषीय रणनीति को कैबिनेट ने मंजूरी दी

फ़रवरी

2. मध्यम अवधि की राजकोषीय रणनीति संसद में पेश की गई

मार्च

3. बजट प्रस्तुत करने के लिए मंत्रालयों, विभागों और एजेंसियों को जारी परिपत्र
4. निजी क्षेत्र, नागरिक समाज और आम जनता से लिखित बजट प्रस्तुतियाँ आमंत्रित की जाती हैं।

   देश भर में बजट पर सार्वजनिक परामर्श आयोजित किये गये।

अप्रैल

5. मंत्रालयों और विभागों से प्राप्त प्रस्तुतियों का मूल्यांकन

मई

6. मंत्रालयों और विभागों के साथ बजट परामर्श
7. बजट पर कैबिनेट उपसमिति

जून

8. बजट दस्तावेजों को कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत करना और बजट की घोषणा

जुलाई


9. संसदीय बहस और बजट अनुमोदन

# आर्थिक दृष्टिकोण

यह खंड अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था परिदृश्य पर संक्षिप्त जानकारी प्रदान करता है।

## अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था


अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था 2025 में 2.8% और 2026 में 3.0% बढ़ने का अनुमान है।




स्रोत: इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड

## राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था

फीजी की अर्थव्यवस्था 2025 में 3.2% और 2026 में 3.1% बढ़ने का अनुमान है।




स्रोत: फीजी ब्यूरो ऑफ़ स्टैटिस्टिक्स और मैक्रोइकॉनॉमिक समिति

### प्रमुख चुनौतियाँ

- भू-राजनीतिक संघर्ष
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार तनाव
- वस्तु मूल्य में अस्थिरता
- अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव
- पूंजीगत परियोजनाओं पर धीमी प्रगति
- जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाएँ

### प्रमुख आर्थिक संकेतकों के लिए दृष्टिकोण - 2025


**982,938**
टूरिज्म अराइवल्स

**$2.6 बिलियन**
टूरिज्म की कमाई

**$1.4 बिलियन**
रिमिटेंस

**1.1%**
वार्षिक महँगाई का दर


### व्यापार




स्रोत: फीजी ब्यूरो ऑफ़ स्टैटिस्टिक्स और मैक्रोइकॉनॉमिक समिति

फीजी का आयात 2024 में 7.0 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2027 तक 7.5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जबकि इसी अवधि में निर्यात 2.6 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2.9 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

### करंट अकाउंट बैलेंस




स्रोत: फीजी ब्यूरो ऑफ़ स्टैटिस्टिक्स और मैक्रोइकॉनॉमिक समिति

फीजी का करंट अकाउंट डेफिसिट 2024 में अनुमानित 1.0 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2027 में 1.2 बिलियन डॉलर हो जाने का अनुमान है।

# नेशनल डेवलपमेंट प्लान और विजन 2050

एन-डी-पी 2025-2029 और विज़न 2050, फीजी के अल्पकालिक और मध्यम-अवधि के विकास के लिए एक व्यापक और रणनीतिक मार्ग निर्धारित करते हैं। याह एन-डी-पी का विजन हैं "**एकता के माध्यम से फीजी के लोगों को सशक्त बनाना**", जो लोगों को विकास के केंद्र में रखना और एक ऐसे जीवंत, समावेशी और टिकाऊ भविष्य के निर्माण के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप प्रस्तुत करता है जो सतत विकास के 2030 एजेंडा और विज़न 2050 की दीर्घकालिक आकांक्षाओं के अनुरूप हैं।

## एन-डी-पी के 3 स्तंभ




### 01 आर्थिक रिज़िलिएंस

- समष्टि आर्थिक विश्वास और स्थिरता का निर्माण
- अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय संबंधों को बढ़ावा देना
- प्राकृतिक संसाधनों का सतत प्रबंधन
- आर्थिक विकास को उत्प्रेरित करना और अर्थव्यवस्था में विविधता लाना

### 02 जन सशक्तिकरण

- सामाजिक-आर्थिक कल्याण का उत्थान
- सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का विकास, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटना


### 03 सुशासन

- शासन, संस्थागत और राज्य के स्वामित्व वाली संस्थाओं में सुधार के लिए प्रतिबद्धता

| 5 एक्स फैक्टर | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना और सरकार की भूमिका को तर्कसंगत बनाना | अनुसंधान, विकास एवं नवीनीकरण अपनाने को बढ़ावा देना | ग्रामीण और बाहरी द्वीप विकास को तीव्र करना | प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध सशक्त होना | कार्यान्वयन और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता |

# वित्त वर्ष 2025-2026 आमदनी पूर्वानुमान

## सरकार एकत्रित करेगी: $3,947.4 मिलियन



- वैल्यू ऐडेड टैक्स: $1,353.0 मिलियन
- डायरेक्ट टैक्स: $1,169.5 मिलियन
- कस्टम्स टैक्स: $621.4 मिलियन
- फीस, फाइन्स एंड चार्जेस: $183.3 मिलियन
- ग्रांट्स-इन-एड: $124.4 मिलियन
- डिविडेंड्स फ्रॉम इन्वेस्टमेंट्स: $159.1 मिलियन
- डिपार्चर टैक्स: $144.6 मिलियन
- अन्य: $116.6 मिलियन
- वॉटर रिसोर्स टैक्स: $75.5 मिलियन

## प्रमुख आमदनी संबंधित नीतियां




**कर अनुपालन को मजबूत करना**
कर अनुपालन को मजबूत करने के लिए, 50,000 डॉलर या उससे अधिक के कारोबार वाले सभी व्यवसायों को 1 जनवरी 2026 से वैट मॉनिटरिंग सिस्टम (वी-एम-एस) के लिए पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। जबकि वैट पंजीकरण सीमा 100,000 डॉलर पर बनी हुई है, व्यक्तिगत व्यापारियों के लिए संपत्ति की घोषणा अनिवार्य हो जाएगी।



**डिपार्चर टैक्स**
2024-2025 के राष्ट्रीय बजट के हिस्से के रूप में डिपार्चर टैक्स 1 अगस्त 2024 से 140 डॉलर से बढ़कर 170 डॉलर हो गया और 1 अगस्त 2025 से यह और बढ़कर 200 डॉलर हो जाएगा। इस चरणबद्ध वृद्धि से अतिरिक्त 20.0 मिलियन डॉलर आमदनी उत्पन्न होने की उम्मीद है।




**फ्रिंज बेनिफिट्स टैक्स (एफ-बी-टी)**
1 जनवरी 2026 से इलेक्ट्रिक वाहनों पर कम एफ-बी-टी लागू होंगी, जिनकी दरें वाहन की लागत के आधार पर प्रति तिमाही $1,000 से $2,500 तक होंगी, साथ ही $100,000 से अधिक कीमत वाहनों के लिए 2% अतिरिक्त दर लागू होगी।



**स्थानीय कलाकारों के लिए कर कटौती**

स्थानीय कलाकारों को रोज़गार देने के लिए कर कटौती का विस्तार उन सभी व्यवसायों को शामिल करने के लिए किया जाएगा जो कलाकारों को पूर्णकालिक आधार पर नियुक्त करते हैं। स्वीकार्य कर कटौती दर 300% से घटाकर 150% कर दी जाएगी।




**टूर ऑपरेटरों के लिए कर प्रोत्साहन**

टूरिज्म गतिविधियों में शामिल व्यवसायों द्वारा किए गए नए इन्वेस्टमेंट पर 25% इन्वेस्टमेंट एलाउअन्स उपलब्ध होगा। इन्वेस्टमेंट एलाउअन्स की न्यूनतम सीमा $100,000 है।



**टैक्स फ्री रीजन (टी-एफ-आर) और भूमि प्रोत्साहन का उप-विभाजन**

टी-एफ-आर को वेनादोई क्षेत्र में उन व्यवसायों के लिए विस्तारित किया जाएगा जो वेस्ट मैनेजमेंट, रिसाइक्लिंग और रिन्यूएबल एनर्जी जैसी गतिविधियों में इन्वेस्ट करते हैं।

भूमि प्रोत्साहन उप-विभाजन को 31 जुलाई 2027 तक बढ़ाया जाएगा।





**दान के लिए कर कटौती**

व्यवसायों को मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप सहायता कार्यक्रमों के लिए दान पर 150% कर कटौती मिलेगी, तथा स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों, अनाथालयों और नशा मुक्ति केंद्रों को दान पर 100% कर कटौती मिलेगी।



**रिन्यूएबल एनर्जी परियोजनाएं**

रिन्यूएबल एनर्जी और को-जनरेशन परियोजनाओं के संबंध में टैक्स छूट 5 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष कर दी जाएगी।




**कार्बन ट्रेडिंग**

कार्बन ट्रेडिंग में लगे व्यवसायों की इनकम टैक्स से छूट दी जाएगी।

# जीवन-यापन की लागत पर ध्यान देना

## वैट दर घटाकर 12.5% कर दी गई

जीवन-यापन की लागत कम करने में मदद के लिए सरकार 1 अगस्त 2025 से वैट की दर 15% से घटाकर 12.5% कर देगी, जिससे फीजीवासियों को अनुमानित 250 मिलियन डॉलर की बचत होगी। 22 आवश्यक वस्तुओं पर शून्य-दर वैट वित्त वर्ष 2025-2026 में भी जारी रहेगा।

15% → 12.5%

## फिस्कल और एक्साइज ड्यूटी परिवर्तन

जीवन-यापन की लागत को कम करने और उपभोक्ता विकल्प का विस्तार करने के लिए, 2025-2026 के बजट में आम भोजन वस्तुओं पर कई शुल्क कटौती की गई है।

| | चिकन के हिस्से | फ्रोज़न मछली | कैस्टर शुगर | टमाटर सॉस | चीनी मुक्त जूस |
|---|---|---|---|---|---|
| फिस्कल ड्यूटी | 32% → 15% | 15% → 0% | 32% → 5% | 32% → 15% | |
| एक्साइज ड्यूटी | | | | 5% / 0% | 15% → 0% |

## प्राइस मॉनिटरिंग एन्फोर्समेंट टास्कफोर्स

यह सुनिश्चित करने के लिए कि उपभोक्ताओं को कर कटौती का लाभ मिले, एक मूल्य निगरानी एवं प्रवर्तन टास्कफोर्स का गठन किया गया है, जिसमें एफ-सी-सी-सी, कंज़्यूमर काउंसिल, एफ-आर-सी-एस और मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस शामिल हैं। यह टास्कफोर्स महँगाई की निगरानी करेगा, गैर-अनुपालन को दूर करेगा, और उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए मूल्य नियंत्रण, टैरिफ समायोजन और कठोर दंड जैसी कार्रवाइयों की सिफारिश करेगा।

## नए आयात मार्गों का उद्घाटन

सरकार अधिक विश्वसनीय देशों से भोजन आयात की अनुमति देने के लिए बायो-सिक्योरिटी नियमों की समीक्षा करेगी, जिससे सीमित आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता कम होगी और सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए कीमतों को कम करने में मदद मिलेगी।

## समाज कल्याण और सरकारी पेंशनभोगी

सभी सामाजिक कल्याण प्राप्तकर्ताओं और सरकारी पेंशनभोगियों के मासिक एलाउअन्स में 5% की वृद्धि।

2012 के पेंशन सुधारों से प्रभावित पेंशनभोगियों के लिए पेंशन भुगतान हेतु $4.0 मिलियन।

**बस किराया सब्सिडी**

सरकार 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2026 तक सभी यात्रियों को बस किराए में 10% सब्सिडी प्रदान करेगी, जिसकी कुल खर्च लगभग 10 मिलियन डॉलर होगी। छात्र बस किराए में सब्सिडी के लिए अतिरिक्त 50 मिलियन डॉलर प्रदान किया गया हैं (नीला कार्ड धारक - मुफ़्त यात्रा, पीला कार्ड धारक - 50% सब्सिडी)।

**गरीब परिवारों के लिए सब्सिडी**

30,000 डॉलर या उससे कम संयुक्त आमदनी वाले परिवारों के लिए मुफ्त पानी, दवा और बिजली सब्सिडी के लिए 25.0 मिलियन डॉलर का प्रावधान भी किया गया है।

**$200 स्कूल वापसी सहायता**

वित्त वर्ष 2025-2026 में 40.0 मिलियन डॉलर प्रदान किया गया है।

| | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|
| राशि | $44.7 मिलियन | $42.5 मिलियन | $42.7 मिलियन |
| छात्र | 223,475 छात्र | 212,740 छात्र | 213,520 छात्र |

**सिविल सेवक वेतन वृद्धि**

सिविल सेवकों को 3% की अतिरिक्त वेतन वृद्धि मिलेगी। सिविल सेवकों, कुछ स्वतंत्र संस्थानों और फीजी सुधार सेवा के वेतन में वृद्धि के लिए वित्त वर्ष 2025-2026 में 50.0 मिलियन डॉलर प्रदान किया गया हैं।

## कानून प्रवर्तन को मजबूत करना

**पुलिस मंत्रालय**

सरकार ने कानून प्रवर्तन में जनता का विश्वास मज़बूत करने के लिए इस साल की शुरुआत में पुलिस मंत्रालय की स्थापना की। 2025-2026 के बजट में इसके संचालन के लिए कुल 3.8 मिलियन डॉलर प्रदान किया गया हैं।

**पुलिस बल का विस्तार**

आंतरिक सुरक्षा का समर्थन करने के लिए फीजी पुलिस बल को 2025-2026 के बजट में 240.3 मिलियन डॉलर प्रदान किया गया हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.5 मिलियन डॉलर की वृद्धि है।

**वित्त वर्ष 2024-2025**: 5,556 अधिकारी

**चरण एक**: +538 नए अधिकारी — $19.5 मिलियन

**वित्त वर्ष 2025-2026**: 6,094 अधिकारी

**चरण दो**: +462 नए अधिकारी — $20.5 मिलियन

**वित्त वर्ष 2026-2027**: 6,556 अधिकारी

**सीमा सुरक्षा को मजबूत करना**


सरकार फीजी की सीमा सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जो अर्थव्यवस्था, संप्रभुता और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। सीमा सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए नए उपाय किए जाएँगे:




एक नई कंटेनर परीक्षा सुविधा का निर्माण



सावुसावु तक के-9 पहचान क्षमता का विस्तार



तटीय प्रवर्तन क्षमता में वृद्धि



समुद्री निगरानी में वृद्धि

**नारकोटिक्स ब्यूरो**

नशीली पदराथो के संकट से निपटने के लिए फीजी की प्रतिक्रिया का नेतृत्व करने हेतु पुलिस मंत्रालय के अधीन नारकोटिक्स ब्यूरो नशीली पदराथो की तस्करी और सेवन से निपटने के प्रयासों को कार्यान्वित करेगा। यह अंतर-एजेंसी सीमा प्रवर्तन और नशीली पदराथो के नेटवर्क को ध्वस्त करने हेतु खुफिया-आधारित अभियानों के लिए केंद्रीय एजेंसी के रूप में कार्य करेगा।

**मोबाइल वॉलेट के लिए टैक्स आइडेंटिफिकेशन नंबर की आवश्यकता**

डिजिटल वॉलेट के ज़रिए टैक्स चोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और गुप्त आर्थिक गतिविधियों को रोकने के लिए, सभी मोबाइल वॉलेट उपयोगकर्ताओं को नए सिम कार्ड खरीदते समय टैक्स आइडेंटिफिकेशन नंबर के साथ रजिस्टर कराना अनिवार्य होगा। पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 6 महीने का समय प्रदान की जाएगी।

**संपत्ति घोषणा व्यवस्था**

वित्तीय पारदर्शिता की संस्कृति का निर्माण करने, टैक्स चोरी पर अंकुश लगाने और अर्थव्यवस्था की अखंडता को बढ़ाने के लिए, सरकार फीजी में सभी एकमात्र व्यापारियों के लिए एक अनिवार्य संपत्ति घोषणा व्यवस्था लागू करेगी। 1 जनवरी 2026 से सभी व्यक्तिगत व्यापारियों को अपनी टैक्स रिटर्न के साथ-साथ अपनी संपत्ति और कर्ज़ की वार्षिक घोषणा भी प्रस्तुत करनी होगी। इसमें चल और अचल संपत्ति, कर्ज़ और आमदनी के सभी स्रोत शामिल होंगे।


**एच-आई-वी महामारी को कम करने के उपाय**

सरकार ने एच-आई-वी महामारी के लिए व्यापक प्रतिक्रिया का समर्थन करने के लिए 2025-2026 के बजट में 10.0 मिलियन डॉलर प्रदान किया हैं, जिसमें विस्तारित परीक्षण, रोकथाम, जन जागरूकता अभियान और इसके प्रसार को नियंत्रित करने के उपाय शामिल हैं।

# एक्सपेंडिचर बाय

वित्त वर्ष 2024-2025 संशोधित अनुमान ($मिलियन)


| मंत्रालय / कार्यालय | | |
|---|---|---|
| राष्ट्रपति का कार्यालय | 4.4 | 4.4 |
| प्रधानमंत्री कार्यालय | 28.4 | 8.7 |
| अटार्नी जनरल का कार्यालय | 8.4 | 9.5 |
| मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस, स्ट्रैटेजिक प्लानिंग, नेशनल डेवलपमेंट और स्टैटिस्टिक्स | 96.9 | 90.8 |
| सिविल सेवा और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय | 76.0 | 72.8 |
| एनवायरनमेंट और क्लाइमेट चेंज मंत्रालय | 9.7 | 10.8 |
| सूचना मंत्रालय | | 16.5 |
| इमिग्रेशन मंत्रालय | | 17.8 |
| स्वतंत्र एजेंसी | 92.7 | 103.2 |
| रूरल और मैरिटाइम डेवलपमेंट, डिजास्टर मैनेजमेंट मंत्रालय | 37.9 | 39.4 |
| शिक्षा मंत्रालय | 650.6 | 675.4 |
| स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवा मंत्रालय | 451.8 | 465.6 |
| युवा एवं खेल मंत्रालय | 23.4 | 23.4 |
| हाउज़िंग मंत्रालय | 32.4 | 31.8 |
| महिला, बाल एवं सामाजिक संरक्षण मंत्रालय | 199.5 | 207.9 |
| कृषि और जलमार्ग मंत्रालय | 97.3 | 115.3 |
| मत्स्य मंत्रालय | 25.3 | 24.9 |
| फॉरेस्ट्री मंत्रालय | 31.4 | 25.6 |
| लैण्ड्स और मिनरल रिसोर्सेज़ मंत्रालय | 36.5 | 40.6 |



# फंक्शनल कैटेगरीज़

वित्त वर्ष 2025-2026 ($मिलियन)

| | | |
|---|---|---|
| ई-टाउकेई अफेयर्स और कल्चर, हेरिटेज और आर्ट्स मंत्रालय | 39.4 | 41.2 |
| रक्षा मंत्रालय | 21.4 | 20.3 |
| एम्प्लॉयमेंट, प्रोडक्टिविटी और वर्कप्लेस रिलेशन्स मंत्रालय | 21.4 | 24.7 |
| विदेश मंत्रालय | 43.8 | 51.1 |
| स्वतंत्र आयोग | 38.6 | 41.0 |
| फीजी सुधार सेवा | 57.8 | 62.5 |
| न्याय मंत्रालय | 6.2 | 9.3 |
| पुलिस मंत्रालय | | 3.8 |
| फीजी सैन्य बल | 169.6 | 167.8 |
| फीजी पुलिस बल | 226.8 | 240.3 |




| | | |
|---|---|---|
| पब्लिक वर्क्स, मीटरोलॉजिकल सर्विसेज़ और ट्रांसपोर्ट मंत्रालय | 717.2 | 800.1 |

**अनअलोकेबल खर्च: $1,095.8 मिलियन**

| | | |
|---|---|---|
| विविध सेवाएं | 432.0 | 519.2 |
| चार्जेज़ ऑन पब्लिक डेट | 543.7 | 538.3 |
| पेंशन, ग्रेच्युटी और अनुकंपा एलाउअन्स | 36.6 | 38.4 |

| | | |
|---|---|---|
| ट्रेड, को-ऑपरेटिव्स, माइक्रो, स्मॉल, मीडियम एंटरप्राइज़ेस और कम्यूनिकेशन्स मंत्रालय | 106.6 | 84.8 |
| मल्टी-एथनिक अफ़ेयर्स और शुगर इंडस्ट्री मंत्रालय | 83.2 | 79.0 |
| स्थानीय सरकार मंत्रालय | 36.6 | 34.7 |
| टूरिज्म और सिविल एविएशन मंत्रालय | 68.9 | 92.7 |

# प्रमुख खर्च नीतियां

## शिक्षा

### बचपन में मिली शिक्षा

वित्त वर्ष 2025-2026 में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए कुल 32.3 मिलियन डॉलर प्रदान किए गए हैं। अस्थायी शिक्षकों को अब पूर्णकालिक आधार पर वेतन दिया जाएगा।

### मुफ्त शिक्षा अनुदान में सुधार

मुफ्त शिक्षा अनुदान के लिए कुल 65.1 मिलियन डॉलर प्रदान की जाएगी और स्कूलों को पूर्ण नियंत्रण प्रदान करेंगे कि धन का उपयोग कैसे किया जाए।

### प्राइमरी और सेकेंडरी शिक्षा

प्राइमरी शिक्षा के लिए कुल 257.9 मिलियन डॉलर तथा सेकेंडरी शिक्षा के लिए 222.5 मिलियन डॉलर प्रदान की गई हैं।

### चंदा इकट्ठा प्रतिबंध को हटाना

वित्त वर्ष 2025-2026 में स्कूलों द्वारा चंदा इकट्ठा करने की प्रतिबंध हटा दी गई है।

### स्कूल अधिकारियों को अनुदान

वित्त वर्ष 2025-2026 में स्कूल लीडर्स एसोसिएशन के लिए 1.1 मिलियन डॉलर की राशि प्रदान की गई है, जो इस प्रकार है:

- **$500,000** फीजी स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन
- **$300,000** हेड टीचर्स एसोसिएशन
- **$300,000** प्रिंसिपल्स एसोसिएशन

### उच्च शिक्षा संस्थानों को अनुदान

उच्च शिक्षा संस्थानों को अनुदान के लिए 86.5 मिलियन डॉलर की राशि प्रदान की गई है, जिसमें शामिल हैं:

- FNU FIJI NATIONAL UNIVERSITY: **$35.7 मिलियन**
- USP THE UNIVERSITY OF THE SOUTH PACIFIC: **$31.5 मिलियन**
- Pacific POLYTECH: **$7.0 मिलियन**
- UniFiji: **$3.7 मिलियन**

### टेर्शरी स्कॉलरशिप्स स्कीम

वित्त वर्ष 2025-2026 में 24,653 छात्रों (11,593 निरंतर और 13,060 नए) को वित्तपोषित करने के लिए टेर्शरी स्कॉलरशिप्स और लोन सर्विस (टी एस एल एस) को 153.0 मिलियन डॉलर प्रदान की गई है।

### स्थानीय एलाउअन्स की समीक्षा

| योग्यता आधारित उच्च उपलब्धि प्राप्त करने वाले स्थानीय छात्रवृत्ति योजनाएँ | गैर-कैंपस शहर के निवासियों के लिए अन्य योग्यता आधारित योजनाएँ | परिसर शहर के निवासियों के लिए अन्य योग्यता आधारित योजनाएँ | विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए योजना | इक्विटी और समावेशन आधारित एलाउअन्स |
|---|---|---|---|---|
| $6,800 → $7,600 | $5,000 → $5,600 | $3,000 → $3,200 | $6,800 → $8,600 | $1,000 (नया) |

### मूल्य संवर्धन और मौजूदा योजनाओं का विस्तार

**टी-वी-ई-टी स्कॉलरशिप्स**

स्कॉलरशिप्स की संख्या 2,780 से बढ़ाकर 4,500 कर दी गई है

**अंशदान योजना**

50/50

नई पार्शियल ट्यूशन योजना, जिसमें 1:1 के सेवा बोन्ड के साथ 50% कवर किया जाएगा

### विदेशी स्कॉलरशिप्स

स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न कराए जाने वाले प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में टी-वी-ई-टी प्रशिक्षण को शामिल करने के लिए इसका विस्तार किया गया

वीज़ा प्रोसेसिंग करने के लिए प्रति छात्र 3,000 डॉलर

सेमेस्टर 2, 2025 से भोजन एलाउअन्स 150 डॉलर से बढ़ाकर 250 डॉलर प्रति सप्ताह कर दिया गया है

### माइक्रो क्वालिफिकेशन ग्रांट्स

इस योजना को वित्त वर्ष 2025-2026 में बढ़ाकर 3,000 पुरस्कार कर दिया गया है और इसमें निम्नलिखित नए क्षेत्र शामिल हैं:

| पारंपरिक हस्तशिल्प | कला प्रदर्शन | सामुदायिक सिलाई | महिला व्यवसाय संचालन | व्यावसायिक साक्षरता और संख्यात्मकता |
|---|---|---|---|---|
| 300 | 200 | 300 | 100 | 1,000 |

## स्वास्थ्य

### स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवा मंत्रालय

- स्वास्थ्य मंत्रालय को वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए 465.6 मिलियन डॉलर प्रदान की गई है।
- हेल्थ केयर (फीजी) प्राइवेट लिमिटेड (एच सी एफ) के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत लौटोका और बा अस्पतालों के चल रहे संचालन के लिए 117.2 मिलियन डॉलर प्रदान की गई है।
- किडनी डायलिसिस सब्सिडी के लिए 4.7 मिलियन डॉलर प्रदान की गई है जो 30,000 डॉलर से कम आमदनी वाले परिवारों के लिए लागू है।
- साई प्रेमा अस्पताल के बाल चिकित्सा हृदय देखभाल के लिए 3.9 मिलियन डॉलर प्रदान की गई है।

**सी डब्ल्यू एम और स्वास्थ्य केंद्रों का नवीनीकरण**
सी डब्ल्यू एम अस्पताल के पुनर्विकास के लिए 10.8 मिलियन डॉलर प्रदान किए गए हैं, जबकि कंडवु और तावेउनी में स्वास्थ्य केंद्रों के पुनर्वास के लिए 8.0 मिलियन डॉलर प्रदान किए गए हैं।

**100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल**
भारत सरकार नासिनु शहर में 100 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के निर्माण के लिए अनुदान सहायता प्रदान कर रही है।

**मुफ़्त चिकित्सा योजना**
2025-2026 के बजट में 30,000 डॉलर से कम आमदनी वाले व्यक्तियों, सामाजिक कल्याण पेंशनभोगियों और मुफ्त चिकित्सा योजना के तहत डायलिसिस रोगियों को सहायता प्रदान करने के लिए 10.0 मिलियन डॉलर प्रदान की गई है।

## सामाजिक सुरक्षा

**सामाजिक सुरक्षा**
सामाजिक संरक्षण कार्यक्रमों के लिए 179.9 मिलियन डॉलर प्रदान किए गए हैं:

- **$82.1 मिलियन** सामाजिक पेंशन योजना
- **$46.5 मिलियन** परिवार सहायता योजना
- **$18.4 मिलियन** बाल संरक्षण एलाउअन्स
- **$18.5 मिलियन** विकलांग व्यक्तियों के लिए एलाउअन्स
- **$14.0 मिलियन** परिवहन सहायता योजना
- **$0.4 मिलियन** ग्रामीण गर्भवती माताओं के लिए भोजन एलाउअन्स

## इन्फ्रास्ट्रक्चर

**पब्लिक वर्क्स मंत्रालय**
वित्त वर्ष 2025-2026 में पब्लिक वर्क्स मंत्रालय को 800.1 मिलियन डॉलर प्रदान की गई है, जो 82.9 मिलियन डॉलर की वृद्धि है।

**नांदी बाढ़ निवारण परियोजना**
जे-आई-सी-ए और ए-आई-एफ-एफ-पी के समर्थन से इस परियोजना के डिजाइन के लिए 2025-2026 के बजट में 8.0 मिलियन डॉलर प्रदान की गई है।

## फीजी रोड्स अथॉरिटी

वित्त वर्ष 2025-2026 में, फीजी रोड्स अथॉरिटी को 387.7 मिलियन डॉलर प्रदान किया गया है, जो वित्त वर्ष 2024-2025 से 37.2 मिलियन डॉलर अधिक है।

**$119.0 मिलियन**
सड़क मेंटेनेन्स

**$73.5 मिलियन**
सड़क नवीनीकरण, सीलिंग और प्रतिस्थापन

**$73.5 मिलियन**
फुटपाथ और बस शेल्टर

**$30.3 मिलियन**
सामुदायिक और ग्रामीण सड़कों का सुधार

**$4.7 मिलियन**
कावनागासाउ रोड की टार सीलिंग

## जेटी और पुलों का मेंटेनेन्स

सरकार निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए ए-डी-बी और वर्ल्ड बैंक के साथ मिलकर काम कर रही है:

**4 महत्वपूर्ण पुलों का प्रतिस्थापन:**

- लामी पुल
- मेद्रौकुतु पुल
- सबेटो पुल
- विसेईसेई पुल

**जेटी का मेंटेनेन्स:**

- कोरो
- मोआला
- लोमालोमा
- वुनिसीया
- नबौवालु
- सावुसावु
- तवेउनी
- राबी

## वॉटर और वेस्टवॉटर

वॉटर अथॉरिटी ऑफ फीजी को 284.4 मिलियन डॉलर प्रदान किए गए हैं। कार्यान्वित किए जाने वाले प्रमुख पूंजीगत कार्यक्रमों में शामिल हैं:

- जल कार्यक्रम: $83.5 मिलियन
- विशेष पोषित कार्यक्रम: $16.4 मिलियन
- वेस्टवॉटर कार्यक्रम: $15.1 मिलियन
- नया जल शुद्धीकरण कारखाना: $4.9 मिलियन
- ग्रामीण जल: $10.7 मिलियन

## रूरल और मैरिटाइम डेवलपमेंट, डिजास्टर मैनेजमेंट मंत्रालय

आवश्यक सामुदायिक विकास परियोजनाओं के समर्थन के लिए 2025-2026 के बजट में 39.4 मिलियन डॉलर प्रदान की गई है।

**$1.3 मिलियन**
तटीय संरक्षण

**$2.9 मिलियन**
ग्रामीण एवं बाहरी द्वीप कार्यक्रम

**$2.3 मिलियन**
सामुदायिक सड़कें

**$2.9 मिलियन**
ग्रामीण आवास सहायता

**$1.0 मिलियन**
स्वयं सहायता परियोजना अनुदान

**$0.7 मिलियन**
ग्रामीण उच्च जोखिम जल स्वच्छता परियोजना

**बोरहोल**
देश भर में बोरहोल के विकास के लिए 6.5 मिलियन डॉलर प्रदान की गई है।

**जलमार्गों की ड्रेजिंग और सफाई**
वित्त वर्ष 2025-2026 में नदी ड्रेजिंग और जलमार्ग समाशोधन के लिए कुल 25.6 मिलियन डॉलर प्रदान किए गए हैं, जिसमें ड्रेनेज बोर्ड के लिए 3.9 मिलियन डॉलर और फीजी में प्रमुख नदी ड्रेजिंग के लिए 7.3 मिलियन डॉलर शामिल हैं।

## भूमि और समुद्री संसाधन

**कृषि एवं जलमार्ग मंत्रालय**
कृषि एवं जलमार्ग मंत्रालय को वित्त वर्ष 2025-2026 में 115.3 मिलियन डॉलर का बजट प्रदान किया गया है। मंत्रालय के अंतर्गत कुछ प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

- फसल अनुसंधान एवं विस्तार: **$38.6 मिलियन**
- कृषि मशीनीकरण: **$2.8 मिलियन**
- भूमि के बेहतर उपयोग के लिए समिति: **$6.9 मिलियन**
- पशुधन अनुसंधान और विस्तार सेवाएँ: **$19.0 मिलियन**
- एग्रीकल्चरल मार्केटिंग अथॉरिटी: **$2.5 मिलियन**
- नवुसो कृषि तकनीकी संस्थान और टूटू ट्रेनिंग सेंटर: **$4.4 मिलियन**
- कृषि क्वार्टरों का मेंटेनेन्स: **$1.7 मिलियन**
- फर्टिलाइज़र और वीडीसाइड सब्सिडी: **$1.0 मिलियन**

**किसानों के लिए सब्सिडी**
सरकार 50,000 डॉलर से कम आमदनी वाले किसानों के लिए 30 प्रतिशत लीज़ प्रीमियम सब्सिडी (7,500 डॉलर तक) शुरू कर रही है।

**चीनी**
- चीनी मंत्रालय को 2025-2026 के बजट में 72.2 मिलियन डॉलर प्रदान किए गए हैं
- फर्टिलाइज़र सब्सिडी: $19.6 मिलियन
- एफ-एस-सी कार्यशील पूंजी सहायता: $17.9 मिलियन
- चीनी स्टैबिलाइजेशन सहायता: $19.8 मिलियन

**मत्स्य पालन मंत्रालय और फॉरेस्ट्री मंत्रालय**

मत्स्य पालन मंत्रालय और फॉरेस्ट्री मंत्रालय को कुल 50.0 मिलियन डॉलर का बजट प्रदान किया गया है।

- व्यावसायिक समुद्रतटवर्ती पाइन सब्सिडी: **$2.5 मिलियन**
- फीजी पाइन ट्रस्ट एक्सटेंशन: **$1.7 मिलियन**
- डोलो-आई-सुवा में फॉरेस्ट्री प्रशिक्षण केंद्र: **$782,600**
- नष्ट वनों को स्वदेशी और अन्य प्रजातियों से पुनर्वनीकरण: **$2.8 मिलियन**
- समुद्रतटवर्ती पाइन विकास (दिदिया, गाऊ और कंदावु): **$1.5 मिलियन**

**टूरिज्म**

सरकार ने टूरिज्म और सिविल एविएशन मंत्रालय के लिए 2025-2026 के बजट में 92.7 मिलियन डॉलर प्रदान किया गया है।

- टूरिज्म फीजी मार्केटिंग ग्रांट: $39.0 मिलियन
- वानुआ लेवु में टूरिज्म विकास कार्यक्रम: $30.0 मिलियन

## समुदायों को सशक्त बनाना

**ई-टाउकेई मंत्रालय**

ई-टाउकेई मंत्रालय को वित्त वर्ष 2025-2026 में 41.2 मिलियन डॉलर प्रदान किया गया है।

- प्रांतीय परिषदों के लिए परिचालन अनुदान: $7.2 मिलियन
- ई-टाउकेई अफेयर्स बोर्ड परिचालन अनुदान: $4.7 मिलियन
- ई-टाउकेई रिसोर्स ओनर्स सपोर्ट एंड डेवलपमेंट फंड जो एफ-डी-बी और मर्चेंट फाइनेंस के माध्यम से उधार पर 3-वर्षीय ब्याज सब्सिडी प्रदान करता है: $3.0 मिलियन
- गाँव सुधार योजना: $2.0 मिलियन

**सामुदायिक अधिकारियों**

- तुरांगा-नी-कोरो, माता-नी-टिकिना और अन्य वनुआ नेताओं के लिए: $4.2 मिलियन
- जिला सलाहकार पार्षदों के लिए: $0.8 मिलियन
- सभी शांति न्यायाधीशों को $100 मासिक एलाउअन्स: $1.0 मिलियन

## हाउज़िंग

- 10 अनौपचारिक बस्तियों को औपचारिक रूप देने के लिए 14.6 मिलियन डॉलर
- वेइदोगो, नबुआ और नंदीरी से बेदखल किए गए परिवारों के पुनर्वास के लिए 2.2 मिलियन डॉलर


**दीमक चारा कार्यक्रम**

दीमक सब्सिडी और राष्ट्रीय दीमक चारा कार्यक्रम के लिए 2.9 मिलियन डॉलर प्रदान किया गया है

# सरकारी कर्ज


जुलाई 2024 तक फीजी का कुल सरकारी कर्ज $10.3 बिलियन (जी-डी-पी का 79.0%) था और याह जुलाई 2025 तक बढ़कर $10.8 बिलियन (जी-डी-पी का 77.5%) हो गया है। यह कर्ज 65.0% घरेलू और 35.0% अंतरराष्ट्रीय उधारी से बना है।

## जी-डी-पी के प्रतिशत के रूप में सरकारी कर्ज




## कर्ज संबंधित खर्च

मूल भुगतान और ब्याज




## कॉन्टिन्जेन्ट लाइएबिलिटीज़

अप्रैल 2025 तक कुल कॉन्टिन्जेन्ट लाइएबिलिटीज़ 1.6 बिलियन डॉलर या जी-डी-पी का 11.6% थीं:



कुल स्पष्ट सरकारी गारंटी: $963.1 मिलियन



कुल अन्य स्पष्ट कॉन्टिन्जेन्ट लाइएबिलिटीज़: $597.4 मिलियन




कुल निहित कॉन्टिन्जेन्ट लाइएबिलिटीज़: $56.0 मिलियन

# मध्यम अवधि का राजकोषीय फ्रेमवर्क

| मिलियन डॉलर | 2025-2026 बजट | 2026-2027 बजट | 2027-2028 बजट |
|---|---|---|---|
| **कुल आमदनी** | 3,947.4 | 4,165.0 | 4,227.5 |
| जी-डी-पी के % के रूप में | 26.9 | 26.9 | 26.0 |
| टैक्स | 3,374.2 | 3,609.3 | 3,736.5 |
| नॉन-टैक्स | 573.2 | 555.7 | 491.0 |
| **कुल खर्च** | 4,833.5 | 4,785.9 | 4,795.5 |
| जी-डी-पी के % के रूप में | 33.0 | 30.9 | 29.5 |
| **नेट डेफिसिट** | -886.0 | -621.0 | -568.0 |
| जी-डी-पी के % के रूप में | -6.0 | -4.0 | -3.5 |
| **कुल कर्ज** | 11,700.6 | 12,321.5 | 12,889.5 |
| जी-डी-पी के % के रूप में | 79.8 | 79.6 | 79.3 |
| **नाममात्र जी-डी-पी** | 14,660.8 | 15,472.1 | 16,245.7 |

# राजकोषीय जोखिम





2025-2026 के
बजट दस्तावेज़
यहां देखें:

मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस, स्ट्रैटेजिक प्लानिंग, नेशनल डेवलपमेंट और स्टैटिस्टिक्स